तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.4 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 15 सितंबर 2024



13 जमही आंगनबाड़ी में मनाया ग्राम स्वास्थ्य...






14 बच्चों ने समझा हिन्दी भाषा का महत्व समृद्धि के लिए...






**अपील :** कलेक्टर चंद्रवाल ने की स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ, जिलेवासियों से की अपील

# स्वच्छता व्यवहार में हो शामिल, इसके लिए हर सप्ताह कम से कम 2 घंटे करें श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि साफ–सफाई को हमारे जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए इसे अपने व्यवहार में शामिल कर अपने प्रत्येक क्रियाकलापों में चरितार्थ करना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाकर सभी वर्गों के लोगों से इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाने हेतु सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। चन्द्रवाल भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत के निर्माण के लिए 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 14 सितम्बर को जिला मुख्यालय बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय स्वच्छता संस्कार रैली के अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छ भारत के निर्माण के लिए अपने जीवन में साफ–सफाई को विशेष महत्व देते हुए एक स्वच्छ, विकसित एवं समृद्ध भारत के निर्माण में अपनी अमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

- 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक किया जा रहा है स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन

समारोह में कलेक्टर चन्द्रवाल ने स्वच्छता के प्रति सजग रहने तथा साफ–सफाई के प्रत्येक क्रियाकलापों के लिए समय देने के लिए भी शपथ दिलाई। उन्होंने लोगों को गंदगी नहीं करने तथा किसी और को भी गंदगी नहीं करने देने के अलावा हर वर्ष 100 घण्टे यानी हर सप्ताह 02 घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करने की शपथ भी दिलाई। श्री चन्द्रवाल ने जिलेवासियों को स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर बालोद जिले को स्वच्छ, समृद्ध एवं खुशहाल जिला के निर्माण करने में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने को कहा।

समारोह में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि पवन साहू, शासकीय महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अमित चोपड़ा, पार्षद कमलेश सोनी, निर्देश ⏭ शेष पेज 12 पर

**पहले दिन सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान से निकाली गई स्वच्छता संस्कार रैली**






### ब्लैक स्पॉट का किया जाएगा चिन्हांकन

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित स्वच्छता संस्कार रैली के आयोजन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान गांव और शहर के साफ–सफाई से संबंधित ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर उस स्थान को स्वच्छ रखने हेतु श्रमदान कर वहाँ पर साफ–सफाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा इस अभियान के दौरान स्वच्छता मित्रें का भी सम्मान किया जाएगा। डॉ. कन्नौजे ने बालोद जिले को ओडीएफ प्लस बनाकर जिलेवासियों को स्वच्छता ही सेवा अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा।

### स्वच्छता संस्कार रैली को दिखाई हरी झण्डी

इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल एवं अतिथियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान से स्वच्छता संस्कार रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीताम्बर यादव ने किया।

## डौंडीलोहारा नपं में 17 से 2 अक्टूबर तक होंगे विविध कार्यक्रम

**डौंडीलोहारा।** शासन के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत स्वच्छता स्वभाव स्वच्छता संस्कार के प्रसंग पर स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत, स्वच्छता की भागीदारी, श्रमदान से सम्पूर्ण स्वच्छता एवं सफाई मित्र सुरक्षा शिविर कार्यक्रम 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2024 तक कराया जाना है। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के संबंध में नगर पंचायत डौण्डीलोहारा के मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक चौबे ने बताया कि कार्यक्रम में 17 सितम्बर को स्वच्छता रैली, शपथ, एक पेड़ मां के नाम तथा 22 से 28 सितम्बर तक स्वच्छता लक्षित इकाई में स्वैच्छिक श्रमदान अभियान चलाया जाएगा।उन्होंने बताया कि 30 सितम्बर व 1 अक्टूबर 2024 को सफाई मित्रों का हैल्थ चेकअप व केन्द्र एवं राज्य शासन योजनांतर्गत लाभ प्रदान करने के लिए पंजीयन शिविर का आयोजन किया जाना है। इसके अलावा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक साफ सफाई संबधित विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। इसके तहत स्वच्छता जन जागरूकता, जनभागीदारी से तालाब सफाई अभियान,सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की सफाई, नुक्कड़ नाटक, रैली, स्वच्छ फूड स्ट्रीट वेंडर्स कार्यशाला,स्वच्छ इंटर स्कूल प्रतियोगिता, स्वच्छता मैराथॉन, स्वच्छता साइक्लॉथॉन, कबाड से जुगाड की स्थापना, स्वच्छ मेला,स्वच्छ भारत फेस्ट गतिविधियां, प्लास्टिक बैन व सोर्स पर ही कचरा पृथकीकरण के लिए प्रचार प्रसार किया जायेगा।

**17 सितम्बर को निकाली जाएगी स्वच्छता रैली–** मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक चौबे ने बताया कि पखवाड़ा का शुभारंभ 17 सितम्बर को स्वच्छता रैली एवं मंदिर परिसर, तालाब व सार्वजनिक स्थल में सफाई कर किया जायेगा, पखवाड़ा का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू, उपाध्यक्ष विद्या शर्मा एवं समस्त पार्षदगण जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जायेगा एवं समापन 2 अक्टूबर 2024 को नगर पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में स्वच्छता सम्मान समारोह के साथ होगा, जिसमें अतिथिगणों द्वारा स्वच्छता अपनाने शपथ दिलायी जायेगी। उन्होंने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का प्रमुख उद्देश्य सफाई में सुधार के साथ साथ लोगों को स्वच्छता से जोड़ना है। नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक चौबे ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि स्वच्छता पखवाड़ा से जुड़ें एवं अपने नगर में स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण निर्मित करने अपने लोगों को भी जागरूक करें।

**खबर संक्षेप**



### गाय से टकराई तेजरफ्तार बाइक, चालक की मौत

**बालोद।** तेज रफ्तार बाइक सड़क पर बैठे गाय से टकरा गई। इस हादसे में बाइक चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इकलौता बेटा था टिकेश्वर, पत्नी है गर्भवती है, उसका एक छोटा बच्चा भी है। मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना सड़क पर बैठे मवेशियों की वजह से हुई। घटना शनिवार की देर शाम करीब 7 बजे बालोद–दल्लीराजहरा मुख्य मार्ग में ग्राम दैहान के पास की है। मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से लगे ग्राम हीरापुर निवासी टिकेश्वर साहू उर्फ बंटी दल्लीराजहरा की ओर से वापस अपने गांव जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सड़क पर बैठी गाय से टकरा गई। इस हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हीरापुर निवासी टिकेश्वर साहू अपने माता पिता का इकलौता बेटा था। टिकेश्वर साहू च्वॉइस सेंटर का संचालक था और उसकी शादी हो चुकी थी, एक बच्चा भी हैं, वहीं, उनकी पत्नी वर्तमान में गर्भवती है। मृत टिकेश्वर के पिता खेती किसानी का कार्य करते हैं। घटना के बाद से गांव में मातम छा गया है तो वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बालोद पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

### इलाज के नाम ठगी, गिरफ्तार

**भिलाई।** इलाज के नाम पर ठगी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 420,34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि वर्ष 2023 में दो युवकों द्वारा उपचार करने के नाम पर पीड़ित से 70 हजार रूपये का ठगी कर लिया था. जिसकी शिकायत छावनी पुलिस थाने में किया गया। थाना प्रभारी छावनी चेतन सिंह चन्द्राकर के नेतृत्व में आरोपी को पकड़ने पतासाजी की गई। मुखबिर की सूचना पर रेल्वे स्टेशन पर ठगी करने युवक घूम रहा था। जिसे पकड़कर पूछथाछ करने पर युवक ने अपना नाम छाबड़ा वार्ड 19 जोशी कालोनी जिला राजस्थान निवासी शाकिर मोहम्मद ,शाहिद मोहम्मद बताया है। युवकों के पास से पुलिस ने 30 हजार रुपए बरामद किया।

### तहसील साहू संघ गुरूर की बैठक आज

**गुरूर।** तहसील साहू संघ गुरूर कार्यकारिणी एवं न्याय प्रकोष्ठ की बैठक 15 सितम्बर रविवार को 11 बजे तहसील साहू सदन कोलिहामार (गुरूर) में रखी गई है। बैठक में समस्त तहसील पदाधिकारी गण, समस्त प्रकोष्ठ के संयोजक एवं सह–संयोजक, कार्यकारिणी सदस्य एवं समस्त परिक्षेत्र अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

### मंदिर ट्रस्ट चौरेल की बैठक आज

**लाटाबोड़।** 15 सितम्बर को दोपहर 2 बजे मंदिर ट्रस्ट चौरेल की आवश्यक बैठक रखी गई है। समिति के अध्यक्ष नीतीश मोंटी यादव ने बताया कि उक्त बैठक में शारदीय नवरात्रि की तैयारी के साथ अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### अनाचार के प्रकरण को समाप्त करने हाईकोर्ट ने जारी किया आदेश

**भिलाई।** अनाचार के एक मामले में उच्च न्यायालय बिलासपुर ने प्रकरण को समाप्त करने का आदेश दिया है। न्यायालय के समक्ष धारा 376 (2) (एन), 417, 450 के मामले में आरोपी अरविंद कानतोड़े ने हाईकोर्ट में अपने अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश दांडेकर के माध्यम से आवेदन पेश किया। जिसमें उच्च न्यायालय ने आदेश पारित करते हुए प्रकरण को समाप्त करने का आदेश दिया है।

## ग्राम किकिरमेटा में उल्टी-दस्त की शिकायत, मिले 25 मरीज

**अधिकारियों ने प्रभावित परिवारों से की मुलाकात, दी सलाह**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के निर्देशन में बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन नोडल अधिकारी दुर्ग डॉ. सीबीएस बंजारे डीएमओ, एसडीएम एवं सीईओ पाटन, बीएमओ पाटन, एम ओ रानीतराई, देवानन्द बंजारे ने बीईटीओ/आईसी मीडिया दुर्ग ग्राम किकिरमेटा का शनिवार को आकस्मिक दौरा किया।


ग्राम में विगत दिनों से उल्टी–दस्त की शिकायत हो रही है। 13 सितंबर को 17 मरीज मिले जिसमें 5 मरीजों को अन्यत्र रिफर किया गया है। 14 सितंबर को कुल 25 मरीज नये मिले हैं, जिसमें 02 मरीजों को रिफर किया गया है। घर–घर सर्वे कार्य आरएचओ एवं मितानिन के द्वारा किया जा रहा है। गम्भीर प्रकार के मरीज के घर जिले एवं पाटन से आये अधिकारी ने संपर्क किया।

मिली जानकारी के अनुसार क्लोरीनेशन एवं दवाई, ओआरएस का वितरण किया जा रहा है। ग्राम सरपंच, स्वास्थ्य एवं स्वक्षता समिति के सदस्यों को स्वक्षता रखने एवं पेयजल व्यवस्था को देखने के निर्देश दिए गए। कोटवार से मुनादी करवाकर बासी भोजन, गंदा पानी, भाजी, मांस मछली, सड़े हुए फल इत्यादि खाने से मना किया गया। खाने के पहले एवं शौच के बाद साबुन व पानी से हाथ धोने की समझाइश दी गई। इसके साथ ही पानी छानकर, उबाल कर पीने की सलाह दी गई। बीएमओ को दवाई का पर्याप्त भंडारण करके रखने के निर्देश दिए गए।

### सी.एस.डब्ल्यू प्लांट दल्ली माइंस में कार्यरत ठेका कर्मी ने लगाई फांसी

**दल्लीराजहरा।** शनिवार 14 सितम्बर की सुबह प्रथम पाली ड्यूटी के दौरान सी.एस.डब्ल्यू प्लांट दल्ली माइंस में कार्यरत बीएसपी की माइंस के ठेका कर्मी लंकेश्वर पटेल पिता मुकुन्दा पटेल निवासी वार्ड क्रमांक 05 शिकारी बाबा निवासी ने अज्ञात कारणों लीला फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि ड्यूटी के दौरान लकेश्वर पटेल को उनके सहकर्मियों ने समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन वह खतरनाक तरीके से दल्ली मांईस क्रशिंग वाशिंग एवं स्क्रीनिंग प्लांट दल्ली माइंस के ऊंचे स्थान पर जाकर फांसी लगा ली। लंकेश्वर पटेल ठेका श्रमिक के रूप में कार्यरत था जो कि प्लांट मैन्टैन्स एंव प्लांट क्लिनिंग का काम करता था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह 8 बजे करीब सीएसडब्ल्यू प्लांट में काम करने वाले युवक ने पुराने बंद पड़े लिफ्ट में जाकर फांसी लगा ली। पुलिस मौके पर पहुंच कर आगे की कार्रवाई कर रही है। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। दल्लीराजहरा पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। हालांकि सोशल मीडिया में जो वीडियो प्रसारित किया जा रहा है, उसमें एक पार्षद का नाम शामिल है। हालांकि पुलिस ने अब तक इसकी पुष्टि नहीं की है।

## श्री गणेश पंडाल पर गिरा बिजली खंबा





हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम गोड़री में भगवान गणेश पंडाल में उस वक्त हड़कंप मच गया जब गांव के युवक सुबह भगवान गणेश की पूजा अर्चना करने की तैयारी कर रहे थे और अचानक बिजली पोल, तार व एक पेड़ पंडाल पर गिर गया। गनीमत रही कि पोल के गिरने के बाद पंडाल में करेंट प्रवाह नहीं हुआ और न ही किसी ग्रामीण को नुकसान हुआ। लेकिन सुबह भगवान गणेश की पूजा करने के दौरान इस तरह की घटना होने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। दरअसल बीते दिनों हुई बारिश से जमीन में नमी है, वहीं ग्राम गोड़री में जिस जगह पर गणेश पंडाल बनाया गया है, उसके नजदीक ही एक काफी पुराना जर्जर विशालकाय पेड़ है। वहीं, दूसरी ओर बेहद नजदीक में विद्युत पोल है, जो गांव में विद्युत आपूर्ति के लिए लगाया गया है। पेड़ की डंगाल टूटकर तार पर गिरते ही बिजली पोल भी तार के साथ सीधा गणेश पंडाल पर गिरा। हालांकि किसी का जान-माल नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन नजदीक के दो खपरेल वाले मकान क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं, पंडाल में मौजूद ग्रामीण बाल-बाल बचे।

- पुराने पेड़ की डंगाल टूटकर तार पर गिरने के कारण गिरा खंभा

### शिकायत के बाद भी सरपंच ने नहीं दिया ध्यान

इस हादसे के बाद ग्रामीणों में सरपंच की कार्यशैली को लेकर काफी नाराजगी देखने को मिल रही है। दरअसल ग्राम गोड़री ग्राम पंचायत अमोरा का आश्रित ग्राम है और सरपंच अमोरा के रहने वाले हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जर्जर पेड़ को हटाने के लिए सरपंच से कई बार आग्रह कर चुके हैं, लेकिन वे ध्यान नहीं दे रहे हैं। आखिरकार यह घटना हो गई। ग्रामीणों ने मिलकर घटना के बाद खुद मजदूर लगाकर जर्जर पेड़ को वहां से हटाने की तैयारी की।

**जिले में बनाए गए 36 परीक्षा केंद्र, 11003 परीक्षार्थी होंगे शामिल**

## छात्रावास अधीक्षक श्रेणी 'द' भर्ती परीक्षा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर के माध्यम से जिले में पूर्व से निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में छात्रावास अधीक्षक श्रेणी 'द' भर्ती परीक्षा 15 सितम्बर 2024 को आयोजित की जाएगी। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में छात्रावास अधीक्षक परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। नोडल अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर एके लकरा ने बताया कि छात्रावास अधीक्षक परीक्षा के अंतर्गत जिले में कुल 36 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों में कुल 11 हजार 03 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा का आयोजन दोपहर 12 बजे से 2.15 बजे तक किया जाएगा। अभ्यर्थी निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में 01 घंटे पूर्व पहुँच कर सूचना पटल पर रोल नंबर की जांच कर परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के आधे घंटे पूर्व प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। परीक्षा प्रारंभ होने के बाद परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**खास बातें**

- दोपहर 12 से 2.15 बजे तक होगी परीक्षा
- परीक्षार्थियों को निर्धारित परीक्षा केंद्रों में 1 घंटे पूर्व देनी होगी उपस्थिति




### प्रवेश पत्र व व फोटोयुक्त पहचान पत्र साथ रखना अनिवार्य

परीक्षा में मूल परिचय पत्र एवं प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है। सभी परीक्षार्थी व्यापम द्वारा जारी प्रवेश पत्र के साथ अपना फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाईसेंस, मतदाता पहचान पत्र, विद्यालय के फोटोयुक्त परिचय पत्र में से कोई एक पहचना पत्र के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। मूल पहचान पत्र का फोटोकापी या मोबाईल में परिचय पत्र मान्य नहीं किये जाएंगे। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। जिसमें व्यापम की प्रति परीक्षा केन्द्र में जमा करना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थी अपने साथ नीले एवं काले रंग का बॉल पेन लेकर उपस्थित होंगे। परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार के मोबाईल फोन, इलेक्ट्रानिक घड़ी, कैलक्यूलेटर एवं अन्य इलेक्ट्रानिक सामग्री लाना सख्त प्रतिबंधित है।

### गुम मां-बेटे को पुलिस ने परिजनों से मिलाया



**गुरूर।** पुलिस चौकी कंवर में आपरेशन मुस्कान के तहत गुम मां बेटे को खोजने में पलिस को सफलता मिली है। लंबे समय से गुमशुदा लक्ष्मी सोनवानी तथा उनके पुत्र प्रवीण कुमार उर्फ प्रिंस को 14 सितंबर को पुलिस ने खोज निकाला। उन्हें उनके परिजनों को सौंप दिया गया।


हरिभूमि **पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

# यातना झेल रहे गजराज की मुक्ति के लिए मुख्यमंत्री सहित अफसरों को सैकड़ों की संख्या में मेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व में बंधक के रूप रह रहे लाली, सोनू तथा उनके दो शावकों का एक वर्ष पुराना वीडियो वायरल होने के बाद वन्यजीव प्रेमियों ने हाथियों को उनके पुनर्वास केंद्र में भेजने मांग की है। इसके लिए वन्यजीव प्रेमी अभियान चला रहे हैं। इसके कारण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मुख्य सचिव, पीसीसीएफ सहित अन्य तमाम अफसरों के पास वन्यजीव प्रेमियों ने एक ही दिन में डेढ़ सौ से ज्यादा मेल भेज हाथियों के साथ न्याय करने की मांग की है।

हरिभूमि सरोकार

एटीआर में रहने वाले लाली, राजू तथा उनके दो शावक सावन तथा फागुन के साथ वन्यजीव प्रेमियों ने अमानवीय व्यवहार करने का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि लाली को वन अफसरों ने 25 साल पहले रेस्क्यू किया था। लाली को किस जंगल से रेस्क्यू किया गया है, वन विभाग के पास इसका रिकार्ड तक नहीं है। इसी तरह से एक दशक पूर्व वर्ष 2013 में वन अफसरों ने राजू नामक नर हाथी को राजनांदगांव से रेस्क्यू किया है, तब से दोनों हाथी एटीआर में रह रहे हैं। दोनों हाथियों को पूरे दिन जंजीरों से जकड़कर रखे जाने का आरोप है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए वन्यजीव प्रेमियों ने दोनों हाथी तथा उनके शावकों को हाथी पुनर्वास केंद्र रामकोला में भेजने की मांग की है।

## एटीआर में लाली, राजू तथा दो शावकों को जंजीरों में बांधकर प्रताड़ना का आरोप

### एक्सपर्ट के सुझाव की अनदेखी

एटीआर में बंधक बनकर रह रहे सोनू हाथी को लेकर हाईकोर्ट ने वर्ष 2016 में केरल के एलिफेंट एक्सपर्ट डॉ. राजू टीएस से सुझाव मांगा था, तब एलिफेंट एक्सपर्ट ने लाली, राजू और सोनू को ऐसे जंगल के फॉरेस्ट कैंप में रखने का सुझाव दिया, जहां पर काफी संख्या में जंगली हाथी हों, जिससे लाली और राजू भी जंगली हाथियों से मिल सकें, जिससे उनका सोशल इंटरेक्शन हो। एक्सपर्ट ने हाथियों को जंजीर से बांधने और इन पर अंकुश का उपयोग बंद करने का सुझाव दिया था। वन्यजीव प्रेमियों ने वन अफसरों पर एक्सपर्ट के सुझाव की अनदेखी करने का आरोप लगाया है।



### मद में आए राजू को रोकने इस तरह उपाय

वन्यजीव प्रेमियों ने आरोप लगाया है कि राजू के मदकाल में आने के बाद वन अफसरों के निर्देश पर राजू के चारों पांव को जंजीर से बांधकर कंक्रीट के फ्लोर पर कई महीनों तक रखा जाता था, जिसकी वजह से राजू अपने पैर को आगे पीछे नहीं कर पाता था। आपत्ति के बाद कंक्रीट फ्लोर हटा दिया गया है। इसके बाद भी मदकाल में आने पर राजू को खड़ा रखने का वन्यजीव प्रेमियों ने आरोप लगाया है।

*अफसर का यह कहना है : राजू, लाली तथा उनके शावकों को जंजीर से बांधकर रखे जाने के सवाल पर एटीआर के डिप्टी डायरेक्टर यूआर गणेश का कहना है कि राजू तथा लाली को प्रोटोकॉल के तहत रखा जाता है। अफसर के अनुसार हाथियों के साथ किसी भी तरह के अमानवीय व्यवहार नहीं किया जा रहा है।*

### कुनबा नहीं मिलने से अवसाद में

वन्यजीव के जानकारों के मुताबिक हाथी सामाजिक प्राणी है, ज्यादातर हाथी अपने झुंड में रहना पसंद करते हैं। एटीआर में लाली, राजू तथा उसके दो शावकों के अलावा कोई हाथी नहीं है और पूरे दिन जंजीरों में बंधे होने की वजह से दोनों वयस्क हाथी तथा शावकों के वन्यजीव के जानकार अवसाद में आने का दावा कर रहे हैं। पैर में जंजीर बंधी होने की वजह से शावक खेलने कूदने तथा अपनी मां के पास जाने से वंचित हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### आयुष्मान की दर पुनर्निर्धारित करने की मांग

**रायपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायपुर के प्रतिनिधि मंडल ने आज स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से आयुष्मान के पैकेज दरों को कई वर्षों बाद फिर से पुनर्निर्धारित करने की मांग की है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने विशेषज्ञों की एक संयुक्त कमेटी बनाने का आश्वासन दिया है। आईएमए रायपुर ने पूरी आयुष्मान योजना का उड़ीसा की बीजू योजना से तुलनात्मक अध्ययन कर अवलोकन कर पैकेज सहित समयबद्ध पारदर्शी भुगतान प्रणाली को अपनाने पर जोर दिया है। मुलाकात के दौरान आयुष्मान योजना को इंश्योरेंस मोड में दिए जाने का तथ्यात्मक विरोध जताया है और संभावित फैसले पर पुनर्विचार की मांग की है। इस दौरान बायोमेडिकल वेस्ट की दरों और उनके निष्पादन में आ रही दिक्कतों की तरफ भी स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान दिलाया गया।

### 55 तहसीलदार, 51 नायब तहसीलदारों का तबादला

**रायपुर।** प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षकों की कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लंबित राजस्व प्रकरणों पर गहरी नाराजगी जताई थी। इस नाराजगी के दूसरे दिन ही थोक में राजस्व अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के तहत 55 तहसीलदार, 51 नायब तहसीलदारों एवं 28 राजस्व निरीक्षकों का तबादला किया गया है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अवर सचिव केके भूआर्य ने इस संबंध में शुक्रवार को आदेश जारी किया। इस आदेश के तहत नायाब तहसीलदारों को 7 दिवस और राजस्व निरीक्षकों को 15 दिवस के भीतर कार्य संभालने का निर्देश दिया गया है। इस आदेश का पालन नहीं करने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### 'ईद-ए-मिलाद' पर 16 को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी करते हुए 16 सितंबर (सोमवार) को 'ईद-ए-मिलाद' (मिलाद-उन-नबी) के अवसर पर राज्य में सार्वजनिक और सामान्य अवकाश घोषित किया है। 17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी और विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पहले से निर्धारित ऐच्छिक अवकाश को यथावत रखा गया है।

### गोदड़ीवाला धाम में वर्सी महोत्सव 6 अक्टूबर से

**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में तीन दिवसीय 6 से 8 अक्टूबर तक गोदड़ीवाले संत बाबा हरदासराम साहेब का 33 वर्सी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां समाजजनों द्वारा जोरों से की जा रही है। इस वर्सी महोत्सव में छत्तीसगढ़ के 11 धामों के अलावा देशभर के 65 गोदड़ीवाला धामों से अनेक श्रद्धालु व बाबाजी के भक्त शामिल होने पहुंचेंगे। यह कार्यक्रम संत बाबा गेलाराम साहेब जलगांव साहेब के महंत साईं देवीदास और देवपुरी दरबार की महंत अम्मा मीरादेवी के आशीर्वाद से होगा। तीन दिनों तक अनेक कार्यक्रम होंगे, भजन-कीर्तन सेवा सत्संग, सिमरन, बाबा की मदाह साहब का पठन के अलावा तीनों दिन अखंड भडारा भी चलता रहेगा।

## कार्यशाला : ग्राम पंचायत धनोरा में हुई जिला स्तरीय मिशन वात्सल्य कार्यशाला

# किसी तरह की घरेलू हिंसा हो तो सखी वन स्टाफ सेंटर से करें संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

परियोजना दुर्ग ग्रामीण के ग्राम पंचायत धनोरा में जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा, जिला महिला बाल विकास अधिकारी शैल ठाकुर के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय मिशन वात्सल्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में घरेलू हिंसा, एक युद्ध नशे के विरुद्ध,बाल विवाह, भिक्षावृत्ति, गुड टच बैड टच, स्पॉन्सरशिप दत्तक ग्रहण और फास्टर केयर के बारे में लोगों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में नवा बिहान से संरक्षण अधिकारी प्रीति बाला शर्मा ने घरेलू हिंसा के बारे में लोगों को जागरुक करते हुए बताया कि एक ही छत के नीचे साझी गृहस्थी में निवासरत कोई व्यक्ति किसी महिला के साथ शारीरिक,मानसिक,भावनात्मक,मौखिक हिंसा करता/करती है। अगर कोई महिला इस तरह से पीड़ित है तब आंगनबाड़ी,परियोजना कार्यालय, जिला कार्यालय या सखी वन स्टाफ सेंटर से संपर्क करके अपनी समस्या से अवगत करा सकती हैं। चाइल्ड लाइन की टीम से आशीष ठाकुर एवं प्रकाश चंद्र पटेल ने बताया कि 0 से 18 वर्ष के सभी बच्चों की सहायता के लिए 24गुना 7 टोल फ्री नंबर 1098 पर भारतवर्ष में कहीं भी कॉल किया जा सकता है। यह नंबर चार अंकों का इसलिए रखा गया है ताकि बच्चों को आसानी से याद हो सके और मुसीबत के समय बच्चे इस नंबर पर मदद ले सके। यह संस्था सीएनसीपी बच्चे जिन्हे उचित देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता होती है, उनको संरक्षण प्रदान करते हैं।





### बच्चों से भिक्षावृत्ति करवाना एक दंडनीय अपराध

लोकमणि साहू एवं सीता कन्नौजे ने बताया कि किसी भी बालक को नशीले पदार्थ देने या बेचे जाने हेतु बाध्य करना, भिक्षावृत्ति करवाना एक दंडनीय अपराध है। स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के परिवारों को अनुपूरक सहायता के रूप में शासन के द्वारा धनराशि प्रदान की जाती है। इसके साथ साथ गुड टच बैड टच के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। पालकों द्वारा अगर बच्चों को छोटे उम्र में ही इस बारे में जागरुक कर दिया जाए तो बहुत सारी अनचाही स्थितियों से बचा जा सकता है।

### महिलाओं को बताए कानूनी अधिकार

महिलाओं को उनके कानूनी अधिकार की जानकारी देते हुए पंडित विभा मिश्रा ने अपने उद्बोधन में बताया कि दुनिया में कोई भी ऐसी समस्या नहीं है जिसका समाधान संभव नहीं है। घर के छोटे-छोटे कलह को आपसी सुलह से खत्म किया जा सकता है अगर बहुत जरूरी हो तभी न्यायालय की शरण लेनी चाहिए। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी दुर्ग ग्रामीण उषा झा, दुर्ग ग्रामीण से पर्यवेक्षक देवकी साहू, रेखा लोनारे, इंदु मिश्रा,प्रमिला वर्मा, सोनल सोनी,ममता साहू, तृप्ति शर्मा ,उतई एवं हनौदा सेक्टर की सभी कार्यकर्ताएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी रही।



## राज्य स्तरीय शालेय खेल योग का चयन स्पर्धा में बासीन की बालिकाओं ने जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

संकुल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शालेय खेल योग का चयन प्रतियोगिता में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक शाला बासीन की बालिकाओं ने बालिका 14 वर्ष वर्ग में कुलदीपिका, केजल, जागृति, बालिका 17 वर्ष में दीक्षा, ओजस्वी एवं बालिका 19 वर्ष में रीधिमा, चंचल, अंजली ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रजत पदक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उक्त प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के पांचों संभाग के प्रतिभागी शामिल हुए थे। उनमें रायपुर संभाग ने प्रथम तथा दुर्ग संभाग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इस सफलता पर जनपद उपाध्यक्ष व क्रीड़ा समिति बासीन अध्यक्ष तोषण साहू, जिला शिक्षा अधिकारी बालोद पीसी मरकले, जिला खेल अधिकारी किशोर मेहरा, जिला खेल समन्वयक सपन जैन, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गुरूर ललित चन्द्राकर, विकासखण्ड खेल प्रभारी ज्ञानसिंह जुरेसिया, संकुल प्राचार्य ब्रजकिशोर मधुकर, संकुल समन्वयक डीके गंगबेर, प्रधानपाठक आरएल नेताम, प्रधानपाठक प्राथमिक शाला बासीन रोहिणी साहू,एवं शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला बासीन के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया।



श्रद्धा सुमन नवयुवक गणेश उत्सव समिति ग्राम लासाटोला

## लोहारटोला में विधायक अनिला ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

क्षेत्रीय विधायक अनिला भेंडिया अपने एकदिवसीय दौरा कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बड़ेजुंगेरा के आश्रित ग्राम लोहारटोला पहुंचीं। वहां उन्होंने सामुदायिक भवन का लोकार्पण एवं कलामंच का भूमिपूजन किया। वहीं, रात्रि कालीन कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीलीमा टेकाम सरपंच बडेजुगेरा ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य आतिथि अनिला भेड़िया ने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने यातायात और बिजली की समस्या के लिए भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि विकास कार्य पूरी तरह से ठप हो



गए हैं। उन्होंने कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल प्रजापति, मीडिया प्रभारी गुलाब भंसाली, सरपंच कोड़ेकसा पुरषोत्तम साहू, आशा टेकाम, राजकुमार साहू, डेनियल टेकाम, उपसरपंच, पंच एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## बिजली सप्लाई सिस्टम में साइबर अटैक के खतरे से निपटने के बताए उपाय

- क्रिटिकल इंफर्मेशन इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर रही है पॉवर कंपनी
- साइबर कानूनों का गजट नोटिफिकेशन किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के मुख्यालय में ग्रिड आपरेशन पश्चिम क्षेत्रीय साइबर सेक्यूरिटी को-आर्डिनेशन फोरम की कार्यशाला में साइबर हमले से ग्रिड प्रणाली को बचाने के उपायों पर चर्चा की गई। इसमें विभिन्न राज्यों के लोड डिस्पैच सेंटर के अधिकारियों ने साइबर अटैक को रोकने के लिए अपने यहां किए जा रहे उपायों की जानकारी दी। छत्तीसगढ़ में इस तरह के खतरे से निपटने के लिए क्रिटिकल इंफ्रमेशन इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम डेवल किया जा रहा है, जिसके तहत साइबर कानूनों का गजट नोटिफिकेशन किया गया है तथा स्काडा सिस्टम, सर्वर और बैकअप लोड डिस्पैच सेंटर तैयार किया गया है।

कार्यशाला का शुभारंभ ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक आरके शुक्ला ने किया। उन्होंने साइबर सिक्युरिटी के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला एवं साइबर सेक्युरिटी से उत्पन्न होने वाले विभिन्न प्रकार की चुनौतियों के प्रति अपनी चिन्ता जाहिर की और इन चुनौतियों से निपटने के लिए तीन प्रमुख बिन्दुओं परस्पर सहयोग, नवाचार एवं पुर्नप्राप्ति क्षमता पर विशेष जोर दिया। केन्द्र के कार्यपालक निदेशक एवं मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी कोमल सिंह मनोठिया ने कहा, आज पूरे विश्व में नई तकनीक से वन नेशन, वन ग्रिड से बिजली सप्लाई की जा रही है, ऐसे में पूरा सिस्टम कंप्यूटराइज्ड और आनलाइन रहता है। इसमें विदेशी हैकर साइबर हमला कर देते हैं, जिससे बचने के लिए सुरक्षा और सर्तकता आवश्यक है। यूक्रेन में इस तरह से विद्युत सप्लाई बाधित कर दी गई थी। हमारे यहां साइबर हमले से ग्रिड सुरक्षित रहे, इसके लिए विशेष सावधानी बरती जा रही है। इसके तहत क्रिटिकल इंफरमेशन इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम तैयार किया गया है। इसके तहत हर साल आईटी और आपरेशन टेक्नालाजी की साइबर आडिट कराने का प्रावधान किया गया है, ताकि हमें समय से पूर्व पता लग सके कि कहां से साइबर अटैक हो सकता है और उसे रोका कैसे जा सकता है।

### तीनों पावर कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया

पश्चिम क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्र मुम्बई के कार्यपालक निदेशक और फोरम के अध्यक्ष वी बालाजी एवं ग्रिड इंडिया नई दिल्ली के मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी एस बनर्जी ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यशाला में एनसीआईआईपीसी मुम्बई के निदेशक ललित कुमार मीणा भी वर्चुवली जुड़े रहे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ के अतिरिक्त पश्चिम क्षेत्र के विभिन्न घटक राज्यों महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गोवा, दमन एवं दीव इत्यादि के प्रतिनिधियों सहित छत्तीसगढ़ के तीनों पावर कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने प्रमुखता से भाग लिया।

## इंटेकवेल के पंप में फंस रहा प्लास्टिक, प्लांट में कम पानी पहुंचने से नहीं भर रही टंकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खारुन के बेन्द्री घाट स्थित इंटेकवेल के पास गर्मी में पानी कम होने से टंकियों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंचता। अब बरसात में नदी लबालब होने से इंटेकवेल में लगे मोटर पम्प तक पानी के साथ प्लास्टिक की बोतल व पॉलीथिन पहुंचने से समस्या उत्पन्न होने लगी है। बिरगांव निगम में जल प्रदाय विभाग के मुख्य अभियंता डीएल देवांगन ने बुधवार को आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय के निर्देश पर सुबह प्लांट का जायजा लिया। इसमें पाया गया कि खारुन नदी मे बने बेंद्री इंटेकवेल का जल स्तर काफी बढ़ गया है। इस कारण मोटर पम्पों मे झिल्लियां फंस रही हैं। इससे इंटेकवेल से कम मात्रा में पानी 15 आपूर्ति टंकियों को मिल रहा है। इस वजह से क्षेत्र में पानी सप्लाई करने मे परेशानी होने लगी है। इस मामले में महापौर नंदलाल देवांगन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बेंद्री नदी में बने इंटेकवेल की निगरानी की जाए। प्रयास करें कि निकाय क्षेत्र में पानी सप्लाई में किसी प्रकार की दिक्कत ना होने पाए।



इसके लिए जल प्रदाय विभाग के अध्यक्ष इकराम अहमद ने अब निगम के टैंकरों से जिन वार्डों में दिक्कत आ रही है, वहां टैंकर से आपूर्ति देने के लिए निर्देश दिया है।

### धोबी समाज के जिला महासचिव बने गौतम



**रायपुर।** सुपेला निवासी गौतम निर्मलकर को जिला महासचिव व सुपेला परिक्षेत्र का संगठन प्रभारी बनाया गया है। यह नियुक्ति समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने प्रदेश संगठन मंत्री दुर्ग जिला प्रभारी नकुल निर्मलकर व जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर की अनुशंसा तथा जिला के पदाधिकारी की मांग पर की है।

इन्हें सुपेला परिक्षेत्र का गठन करने का भी अधिकार दिया गया है। उक्त जानकारी जिला युवा अध्यक्ष पवन निर्मलकर ने दी।

## मिस्ड कॉल करने वाले डेढ़ लाख ने अब तक नहीं भरे फार्म

# भाजपा के बने अब तक दस लाख से ज्यादा सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा का सदस्यता अभियान तेजी से चल रहा है। अब तक दस लाख से ज्यादा ने सदस्यता ले ली है। अब तो सांसद, विधायक भी बूथों में सदस्य बनाने के लिए जा रहे हैं। जो भी सदस्यता ले रहे हैं, उनसे बूथों में ही ऑफलाइन फार्म भी भराए जा रहे हैं, ताकि इसका रिकॉर्ड प्रदेश संगठन के पास रहे। अब तक करीब डेढ़ लाख ने मिस्ड करने के बाद फार्म नहीं भरे हैं, इनको फार्म भरने के लिए भाजपा के कॉल सेंटर से कॉल करके फार्म भरने के लिए कहा जा रहा है, ताकि उनकी सदस्यता तय हो सके। प्रदेश संगठन ने 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है।

देशभर में भाजपा का सदस्यता अभियान चल रहा है। पहले चरण में 25 सितंबर तक सामान्य सदस्य बनाने हैं। प्रदेश में यूं तो सदस्यता अभियान तीन सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सदस्यता दिलाने के बाद से ही चल रहा है, लेकिन 6 सितंबर से बूथों में सदस्यता अभियान प्रारंभ करने के बाद इसमें बहुत तेजी आई है। भाजपा का बड़ा फोकस बूथों पर है। हर बूथ में 200-200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में करीब 25 हजार बूथ हैं, ऐसे में 50 लाख का लक्ष्य प्राप्त करने में परेशानी नहीं होगी।

कॉल सेंटर से किया जा रहा फार्म भरने फोन




सबसे ऑफलाइन फार्म भी भरवाए जा रहे

### सांसद-विधायक भी जुटे

*प्रदेश संगठन ने सांसद और विधायकों के लिए अलग लक्ष्य तय किया है। सांसदों को जहां 20-20 हजार सदस्य बनाने हैं, वहीं विधायकों से 10-10 हजार सदस्य बनाने कहा गया है। 11 सितंबर से सांसद और विधायक भी बूथों में सदस्य बनाने जा रहे हैं। इनको अपना लक्ष्य पूरा करने के लिए अपने लिंक से ही सदस्य बनाने हैं।*

### हर बूथ को 200 फार्म

भाजपा संगठन ने तय किया है कि इस बार मिस्ड कॉल करने के बाद सदस्य बनाने के लिए तत्काल ऑनलाइन फार्म तो भरवाने ही हैं, साथ ही साथ सदस्य बनने वालों के ऑफलाइन फार्म भी भरने हैं। इसके लिए हर बूथ को 200-200 ऑफलाइन फार्म भी दिए गए हैं। बूथों में जिनको भी सदस्य बनाया जा रहा है, उनके ऑफलाइन फार्म भरे जा रहे हैं। इससे शक्ति केंद्रों में एक रजिस्टर बनेगा और फिर यह रिकॉर्ड जिलों के साथ प्रदेश संगठन के पास आएगा। शक्ति केंद्रों को रिकॉर्ड रखने के लिए रजिस्टर भी दिए गए हैं।

### दस लाख का आंकड़ा पार

सदस्यता में दस लाख का आंकड़ा पार हो गया। जिन लोगों ने मिस्ड कॉल करने के बाद फार्म नहीं भरे हैं, उनको कॉल सेंटर से फार्म भरने के लिए फोन किया जा रहा है।

- अनुराग सिंहदेव
प्रदेश संयोजक, सदस्यता अभियान समिति

### सोनडोंगरी में बन रहा डॉग शेल्टर

**रायपुर।** राजधानी रायपुर से लगे सोनडोंगरी गांव में प्रदेश का पहला डॉग शेल्टर बनाया जा रहा है। इसमें प्रथम चरण में 50 कुत्तों को रखने की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए 50 कैनाल बनाये जा रहे हैं। डॉग सर्जरी के लिए अलग से आपरेशन थियेटर और डॉक्टरों के लिए डॉक्टर चैंबर का निर्माण किया जा रहा है। इससे आने वाले दिनों में शहर के अलग-अलग इलाकों के स्ट्रीट डॉग की सर्जरी, बीमार व कमजोर कुत्तों की देखभाल की जा सकेगी। जोन 8 के अधिकारियों को डॉग शेल्टर का निर्माण 1 माह के भीतर पूरा कराने की मियाद निगम आयुक्त अबिनाश ने दी है। पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड के सोनडोंगरी क्षेत्र में कुत्तों की देखभाल करने और उनकी सर्जरी के लिए डॉग शेल्टर बनाया जा रहा है। इसमें बीमार कुत्तों का इलाज होगा।

पेज 11 के शेष...

### स्वच्छता व्यवहार...

पटेल, विद्यार्थी नगरीय निकायों में कार्यरत स्वच्छता दीदी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकगण उपस्थित थे।

**इन रास्तों से गुजरी रैली-** इस अवसर पर अतिथि एवं उपस्थित लोगों ने सरदार पटेल मैदान से घड़ी चौक–रामदेव चौक–मधु चौक–जयस्तंभ चौक होते हुए वापस घड़ी चौक तक स्वच्छता रैली निकालकर आम नागरिकों को स्वच्छता ही सेवा अभियान का संदेश दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल में उपस्थित स्कूली विद्यार्थियों, अधिकारी–कर्मचारियों एवं आम नागरिकों के द्वारा ओडीएफ प्लस पर आधारित विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण कर साफ–सफाई को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया।

**खबर संक्षेप**



## आयुर्वेद वरदान है इसे सभी अपनाएं: अशोक

**पाटन।** ग्राम भनसूली (के) में निःशुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह निःशुल्क वृद्धजन शिविर आयुष विभाग के निर्देशानुसार शासकीय औषधालय द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, दिनेश साहू सभापति जपं, तुलसी डहरिया सरपंच, कमलेश साहू उपसरपंच, गोमती साहू पूर्व सरपंच, डॉ. हेमंत साहू ने धनवंतरी भगवान की पूजा अर्चना कर शिविर का शुभारंभ किए। इस शिविर में 127 मरीजों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया और इस शिविर का लाभ उठाया। शिविरों में पहुंचे लोगों को वृद्धजनों के स्वास्थ्य देखभाल के लिए आहार-विहार, दिनचर्या, योगाभ्यास तथा वृद्धावस्था जन्य बीमारियों जैसे-आमवात, संधिवात मधुमेह, उच्च रक्तचाप, शुगर, हिमोग्लोबिन, बीपी तथा सामान्य स्वास्थ्य की जांच किया गया व जांच कर औषधि का वितरण किया गया।इस शिविर मे पहुंचे जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि आयुर्वेद वरदान हैं।

### 1994 से एक अदद नौकरी की जोह रहे बाट, गरीबी से जूझ रहे बदनसीब

# अपनी जान जोखिम में डालकर कई जिंदगी बचाने वाले गोताखोरों का जीवन अंधेरे में

विमल शंकर झा ▶▶| भिलाई

गहरी और उफनती शिवनाथ नदी में वर्षों से जांबाज गोताखोर अपनी जान दांव पर लगाकर न जाने कितने लोगों का जीवन बचाते हैं। लेकिन खुद उनके जीवन में भंवर की तरह अंधेरा है। बेकारी और मुफलिसी में जीवन बिता रहे, दुर्ग के गोतोखोरों की परवाह न प्रशासन को है और न ही शासन को ही इनकी चिंता है। गोताखोर सालों से एक अदद नौकरी का इंतजार कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि दुर्ग जिला की जीवनरेखा माने जाने वाली शिवनाथ नदी शहर के मछुआरों के लिए भी परिवार का सहारा बनी हुई है। इनका मुख्य पेशा नदी में मछली पकड़कर परिवार का गुजर बसर करना है। अपने इस पुश्तैनी धंधे में इन्हें गोताखोरी का एडवेंटरस हुनर भी विरासत में ही मिली है। चाहे बारिश की उफनती लहरें हो या फिर शांत गहरी भंवर, अपने जीवन की परवाह किए बिना यह गोताखोर सालों से अपने इस जानलेवा हुनर से नदी में बहने वाले या लापता लोगों की जान बचा रहे हैं। दुर्ग में ऐसे 22 गोताखोर हैं। इनमें शेखर ढीमर,कैलाश, अमन, शंभू, चंदन अधिकतर समय नदी के पानी में बिताने से जलजनित बीमारियों और गरीबी के कारण दुश्वारी का जीवन बिता रहे हैं। गोताखोर शेखर बताते हैं कि हमारे जोखिमदायक जीवन, गरीबी व लोगों का जीवन बचाने में योगदान की कीमत लोग बस चंद रुपए व कोरी शाबाशी से लगाते हैं। किसी भी सरकार ने उन्हें एक अदद नौकरी के काबिल नही समझा । जान बचाने का शासन कोई बड़ी राशि नहीं मिलती।

**शिवनाथ दुर्ग के अलावा बाहर भी रेस्क्यू के लिए प्रशासन लेता है मदद, कठिन है गोताखोरी**





#### बाढ़ में घिरे घर से कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला

वर्षों से शिवनाथ, खारुन, आमनेर आदि नदियों में शासन द्वारा लोगों की जान बचाने के साथ इस साल वर्षा के मौसम और दो दिन पूर्व आई शिवनाथ की भंयकर बाढ़ में भी सभी गोताखोरों को एलर्ट पर रखा गया था। गोताखोरों ने 2 दिन पूर्व 12 सितंबर को दुर्ग रिलायंस पेट्रोल पंप पास बाढ़े से घिरे घर से 11 लोगों को सुरक्षित बचाए। शेखर, शंभू,अमन, कैलाश, बलदू, चंदन बताते हैं कि उन्होंने तीन दिन पूर्व भी मुर्रा गांव धरसींवा में खारन नदी की बाढ़ में बहे एक युवक की जीवन बचाने तीन घंटे जानलेवा मशक्कत की। दुर्भाग्य से हमें उसका शव ही हाथ लगा। पिछले साल दुर्ग मे डूबी कारवाले ने 51 हजार रुपए ईनाम दूंगा बोला पर 1 भी पैसा नहीं दिया।

#### एनीकट की टूटी रेलिंग से बढ़ा खतरा

दो दिन पूर्व शिवनाथ की बाढ़ से भारी तबाही के बीच दुर्ग एनीकट तट की रेलिंग भी टूट गई है। तट पर नदी का विहंगम नजारा देखने वालों की सुरक्षा के लिए लगी लोहे की रेलिंग के जगह जगह से टूटने से एनीकट के ऊपर बह रही नदी में लोगों के गिरने से हादसे का अंदेशा बना हुआ है। बाढ़ देखने बड़ी तादाद में लोग आ रहे हैं और किनारे सेल्फी भी ले रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से नगर निगम को बिना देर किए रेलिंग मेंटेनेंस करवाने की जरुरत है। इधर नदी की बाढ़ में बांधों, नालों व खेतों से बड़ी तादाद में कई प्रजातियों की बहकर आईं मछली मछुआरों के लिए दो जून रोटी का सहारा बनी हुई हैं। शुक्रवार को उनके जाल में ऐसी ही एक 12 किलो की बड़ी मछली देख उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था। वे उत्साह से इसे बेचने इंदिरा मार्केट ले गए, जहां मछली देखने लोगों की भीड़ लगी रही।

## सद्गुरु मणिधारी जिनचंद्र सूरी का जीवन सबके लिए प्रेरणादायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

खरतरगच्छ समुदाय के पूज्य दूसरे दादा गुरुदेव की जयंती पर संत ऋषभ सागरजी म सा ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे चरित्र आत्माओं का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा दायक है। उन्होंने कहा कि जिसके जीवन में सद्गुरु का सानिध्य है उनके जीवन में निश्चिंतता और निर्भीकता आ जाती है। यह संसार एक भयंकर जंगल की तरह है जिसमें हर पल भय और संशय बना रहता है, लेकिन जिन पर सद्गुरु का साया हो वह काल के भय से मुक्त होकर निश्चिंतता में जीता है। ऐसे ही सद्गुरु मणिधारी जिनचंद्र सूरी का हम पर उपकार रहा। आज उनका जन्म दिवस है। दादा गुरुदेव के मस्तक में जन्म से मणि थी इसलिये उनका नाम मणिधारी पड़ा था। वे जन्म से ही अदभुत थे। 6 वर्ष की उम्र में ही उनकी दीक्षा हो गई थी। विद्वता इतनी की कई बड़े संतों के रहते हुए भी उन्हें मात्र 9 साल की उम्र में आचार्य पद पर आसीन कर दिया गया। उन्हें सिद्धि बल और मंत्र बल की शक्ति प्राप्त थी। एक बार वे पूरे संघ के साथ पैदल जा रहे थे रास्ते मे लुटेरे डाकुओं के आने की उन्हें जानकारी मिली, उन्होंने अपने मंत्र शक्ति से पूरे संघ को अ–श्य कर दिया और लुटेरों को खाली हाथ लौटना पड़ा, मात्र 14 साल की उम्र में ही वे गच्छाधिपति के पद पर आसीन हो गए थे। दिल्ली में उन्होंने समाधि पूर्वक अपने देह का त्याग किया था।

**जहां अर्थी रखी, वहीं बनानी पड़ी समाधि-** उन्होंने अपने भक्तों के समक्ष यह स्पष्ट किया था कि अर्थी को वहीं उतारना जहां पर अंतिम क्रिया किया जाना है। लोगों ने इस बात का ध्यान नहीं रखा। जिस स्थान पर अर्थी रखी गई वहां से बाद में उसे उठाया नहीं जा सका और अंततः वहीं उनकी समाधि बना दी गई। दिल्ली में उनकी जहां पर समाधि है वह एक मुख्य चौक था। संत श्री ने कहा कि दादा गुरुदेव ने सदा संघ की एकता के लिए प्रयास किया। उनके जन्म दिवस पर हम सभी नियम लें कि हमेशा संघ को सर्वोपरि मानकर कार्य करेंगे।

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय बालोद में मनाया गया विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस

# स्काउट-गाइड्स व रोवर-रेंजर को दी गई प्राथमिक चिकित्सा विधियों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद में विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस मनाया गया। प्राथमिक चिकित्सा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल सितंबर के दूसरे शनिवार को दुनिया भर में विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस मनाया जाता है। इस बार यह 14 सितंबर को मनाया गया। इसी तारतम्य में स्वामी आत्मानंद विद्यालय के स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर और जूनियर रेडक्रॉस के छात्रों ने किसी घायल, बीमार या रोगी व्यक्ति को चिकित्सक के पास ले जाने के पूर्व आपातकालीन स्थिति में तत्काल राहत किस प्रकार पहुंचाई जाती है, उन सभी प्राथमिक चिकित्सा विधियों को बताया गया। इसके अंतर्गत फर्स्ट एड बॉक्स के बारे में, किसी व्यक्ति को हार्ट अटैक आने पर उसे सीपीआर कैसे दिया जाता है, स्कार्फ या रुमाल से शरीर के अलग अलग अंगो में विभिन्न प्रकार की पट्टियां बांधकर किस प्रकार घायल व्यक्ति को राहत पहुंचाई जाती है। दो लाठियों पर रस्सी, बेल्ट स्कार्फ, शर्ट और चादर से वैकल्पिक स्ट्रेचर का निर्माण, इनके साथ विभिन्न आपातकालीन स्थिति जैसे जहरीले जीवों के काटने, विद्युत आघात, सदमा, पानी में डूबना, हड्डी के टूटने, ऊंचाई से गिरने, आग से जलने, आदि के प्राथमिक उपचारों के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य अरूण कुमार साहू ने कहा कि विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस को स्कूलों में मनाने का प्रमुख उद्देश्य स्कूलों में बच्चों को प्राथमिक उपचार के बारे में प्रशिक्षित कर उन्हें सिखाया जाता है कि किसी भी अप्रिय दुर्घटना जैसे एक्सीडेंट आदि की स्थिति में घायल व्यक्तियों की जान कैसे बचाई जा सकती है।




#### मानसिक रूप से सशक्त महसूस कराने के लिए भी प्राथमिक उपचार मददगार

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि गंभीर या मामूली घटना में भी रोगियों को तुरंत उपचार की अवस्था में किस प्रकार ला सकते हैं। रोगियों को भी मानसिक रूप से सशक्त महसूस कराने के लिए प्राथमिक उपचार मददगार साबित होती है। किसी को भी जान माल का नुकसान न हो, उसकी जागरूकता के लिए भी प्राथमिक उपचार की आवश्यकता होती है। अधिकाधिक जीवन को बचाने के मकसद से लिए गए निर्णयों को भी बल देने के लिए प्राथमिक उपचार की आवश्यकता पड़ती है।

#### फर्स्ट एड किट हमेशा साथ रखें

व्याख्याता व स्काउट गाइड प्रभारी नेमसिंह साहू ने बताया कि जब भी किसी को चोट लगती है या कोई दुर्घटना हो जाती, तो सबसे पहले उस व्यक्ति को फर्स्ट एड दी जाती है, उसके बाद डॉक्टर के पास इलाज के लिए ले जाते हैं, इसलिए फर्स्ट एड किट हमेशा पास होनी जरूरी है, इसी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए वर्ल्ड फर्स्ट एड डे मनाया जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में हेल्थ केयर शिक्षक हेमू राम साहू, स्काउट रोवर लोकेंद्र, पामेंद, पुष्कर, हर्ष, राहुल, गगनदीप देवकुमार, प्रवीण, उदय, रेंजर डिम्पल, डॉली, मुस्कान, रितिक का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जमही आंगनबाड़ी में मनाया ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता व पोषण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी।

ब्लॉक में उपस्वास्थ्य केंद्र सुवरबोड़ के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र जमही में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस का आयोजन किया गया। पिरामल स्वास्थ्य के गांधी फेलो शिवानंद मद्धेशिया के द्वारा पिछले छः माह से मातृ एंव शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के संबंध में निरंतर वीएचएसएनडी सत्र में कार्यरत है।

यहाँ पर गर्भवती महिलाओं के पेट की जांच के लिए एक्सामिनेशन टेबल, कटेन फोर प्रायवेसी एवं अन्य जाँचे जैसे एचआईवी किट नी-केशय किट इत्यादि सुविधा उपलब्ध नहीं थी जिससे गांव की गर्भवती महिलाओं को दूर सीएचसी/पीएचसी जाना पड़ता था जो माता एवं शिशु दोनों के स्वास्थ्य की दृष्टि से खतरनाक था, इन महत्वपूर्ण दिनों में उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बीएमओ विजय सिंह ठाकुर, ईश्वर भारती चंद्राकर एवं पिरामल स्वास्थ्य के गांधी फेलो शिवानंद मद्धेशिया के सामूहिक प्रयास एवं परिश्रम से डोंडी ब्लॉक के पहले वीएचएसएनडी साइट (आंगनबाड़ी केंद्र जमही) पर एक्सामिनेशन टेबल, कटेन फोर प्रायवेसी एवं अन्य जांचे जैसे एचआईवी किट नी-केशय किट इत्यादि सुविधा उपलब्ध हो गई है जो गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है।




गर्भवती महिलाओं, सीएचओ, आरएचओ, सुपरवाईजर, पीआरआई सदस्य एवं ग्रामीणों के बीच खुशी की लहर है, उन्हें अब जांच कराने के लिए दूर सीएचसी/पीएचसी नहीं जाना पड़ेगा। जो माता एवं शिशु दोनों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। इस मौके पर पिरामल स्वास्थ्य की ओर से शिवानंद मद्धेशिया, आम सुवरबोड की सीएचओ कल्पना साहू, आरएचओ गोदावरी साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनसुइया बाई, मितानिन खोरीन बाई, गर्भवती महिलाएं, परस राम साहू, ग्राम के पटेल एवं अन्य ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

# शासकीय एकलव्य कॉलेज के छात्रों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में 13 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डौण्डीलोहारा के चिरायु दल द्वारा जॉंच शिविर का आयोजन किया गया। भारतीय यूथ रेडक्रास सोयायटी एवं रेड रिबन क्लब तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में महाविद्यालय के कुल 230 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके तहत सभी विद्यार्थियों का हिमोग्लोबीन व सिकलसेल परीक्षण किया गया। 11 विद्यार्थी एनेमिक व 16 विद्यार्थी सिकल सेल के वाहक पाए गए। 73 विद्यार्थियों को दवाईयाँ वितरित की गई व 17 विद्यार्थियों में दॉंत संबंधी समस्या पायी गई। संस्था के



प्राचार्य राजू लाल कोसरे ने बताया कि भारतीय यूथ रेडक्रास सोयायटी एवं रेड रिबन क्लब तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में स्वयंसेवको द्वारा एड्स के कारण व बचाव संबंधी जानकारी नुक्कड़-नाटक के माध्यम से दी गई।

शिविर में चिरायु दल के डॉ. यशवन्त वर्मा, डॉ. दीप्ति साहू, डॉ. टेमेन्द्र सारथी, डॉ. संजय साहू, डॉ. सारिया बानो, डॉ. वी. के. भोइर सहित फार्मासिस्ट, एमएलटी, दंत सहायक, एवं एएनएम तथा महाविद्यालय भारतीय यूथ रेडक्रास सोयायटी एवं रेड रिबन क्लब के प्रभारी राजूलाल कोसरे (प्राचार्य), सह प्रभारी टुशिका नायक एवं समस्त शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टॉफ उपस्थित रहे।

# शासकीय प्राथमिक शाला लमती में संचालित गतिविधियों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

एफ .एल .एन. ब्लॉक प्रभारी नेमू साहू एवं संकुल केंद्र भंवरमरा के संकुल समन्वयक महेश कुमार सिन्हा ने 13 सितंबर को शासकीय प्राथमिक शाला लमती का अवलोकन किया। उन्होंने कक्षा पहली में हिंदी विषय एवं कक्षा तीसरी में गणित विषय का अवलोकन किया गया। सभी बच्चों ने हिन्दी एवं गणित से संबंधित प्रश्नों के उत्तर सही बताये। हिन्दी एवं गणित के सभी चारखण्डीय गतिविधि का अवलोकन करते हुए शाला में उपलब्ध पाठयपुस्तक ,शिक्षक निर्देशिका,अभ्यास पुस्तक पर बच्चों द्वारा किए जा रहे कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान शाला की सभी गतिविधियों से संतुष्ट हुए और शाला के प्रिंट रिच से भी प्रभावित हुए।



साप्ताहिक कार्य योजना अनुसार कार्य करना पाया गया। तीनों कक्षा की शिक्षक संदर्शिका की उपलब्धता और उस पर कार्य टैकर पूर्ण किया हुआ पाया। इस प्रकार से सभी गतिविधियों पर बहुत सुंदर ढंग से कार्य किया गया है।अवलोकन पश्चात अध्यापन कार्य की समीक्षा बैठक भी हुई, जिसमें सी.ए.सी. महेश सिन्हा, शाला के शिक्षादूत से सम्मानित प्रधान पाठक भगवती प्रसाद आमदो ,शिक्षक कन्हैया लाल बारले उपस्थित रहे।

## भीगा चावल खाने तिरगा ग्रामीण मजबूर

**अंजोरा।** ग्राम तिरगा में बाढ़ के बाद पीडीएस का राशन को यूरिया रासायनिक खाद पुराने सड़े हुए एक्सपायरी खाद के बीच में रखा गया है व खाद गोदाम में ही राशन का वितरण किया जा रहा है जो कि ग्रामीणों को उल्टी दस्त या अन्य प्रकार की बीमारी हुआ या ग्रामीणों की मौत हुआ तो इसका जिम्मेदारी चावल बाटने वालों के ऊपर किया जाना चाहिए। साथ में चावल का जांच व उक्त जगह पर रखवाने वाले व्यक्ति की जांच कर क्षति पूर्ति वसूली किया जाएगा। यह मांग ग्रामीणों के द्वारा किया जा रहा है। इस लापरवारी का कारण ग्राम पंचायत भगवान भरोसे चल रहा है विगत 3 माह से सरपंच पद रिक्त बना हुआ है जिसके चलते गांव में इस तरह की घटनाएं सामने आ रहे हैं। साफ-सफाई] स्वच्छता व्यवस्था चरमराई हुई है। नाडेप के गडढे भरी पड़ी हुई है जो रास्ते में बिखर रहे साथ ही नदी नाले का कचरा जाम होने से डेंगु, हैजा बीमारी फैलने की संभावना है।

Civil Technical Solutions
CTS
C-TECH SOLUTIONS
Since:2013
Chhattisgarh
1st Civil Engineering Institute
HAPPY ENGINEERS DAY
An ISO 9001:2015 Certified Institute
Er. Shubhrakant Tamrakar
Founder & Director
Civil Technical Solutions
Mrs. Surbhi Tamrakar
C.E.O. & T.P.O.
Civil Technical Solutions
Civil Technical Solutions
Since:2013
Civil Engineering Firm & Civil Engineering Institute
FIRM : Government & Private Projects Planning, Designing, Consultancy, Valuation, Estimate, Interior, Exterior. D.P.R.
INSTITUTE : Vocational Training, Field Training, Internship, Minor project, Major Project, Carrier Guidance, Training and Placement.
Plot-05, Street 4/A, Ashish Nagar (East), Krishna Talkies Road, Risali, Bhilai
Mob.: 9202225556, 9827188460

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## बालोद अंचल में जगह-जगह विराजे विघ्नहर्ता श्री गणेश









**खबर संक्षेप**



### शासकीय विद्यालय खुंदनी में टेकूराम ने कराया न्योता भोज

**गुरूर।** शासकीय प्राथमिक शाला खुंदनी व माध्यमिक शाला खुंदनी में द्वितीय बार टेकूराम साहू ने अपने पुत्र दीपक साहू के जन्मदिवस पर शाला में न्योता भोजन का आयोजन किया। कार्यक्रम में स्कूल के रसोईयों का सहयोग रहा। कार्यक्रम में प्रधान पाठक भीम सिंह साहू, प्राथमिक शाला शिक्षक लोकेश कुमार धुवे, चुड़ामणी ठाकुर, ओमप्रकाश साहू, प्रीति माला, मध्यान्ह भोजन संचालनकर्ता महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष भारती साहू, सचिव झामिन साहू और स्कूल के रसोईया तामेश्वर साहू, चित्ररेखा, माहेश्वरी साहू, फलिता साहू उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ी संस्कृति को सहेजकर रखना हमारा दायित्व हैः योगिता

**कुम्हारी।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर कुम्हारी के डॉ. खूबचंद बघेल वाचनालय कुर्मी भवन में नगर महिला अध्यक्ष व भाजपा कार्यकर्ता योगिता वर्मा के नेतृत्व में तीज मिलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर कुर्मी समाज की महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के छत्तीसगढ़िया पकवान जैसे ठेठरी, खुरमी, चीला, फरा इत्यादि की प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसके अलावा विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। योगिता ने कहा कि हमारी संस्कृति हमारी धरोहर है प्रत्येक पर्व हम सब मिलकर मनाते हैं इससे सामाजिक एकरूपता बनी रहती है। इस कार्यक्रम में मीना वर्मा, भुवनेश्वरी बघेल, वीणा बंछोर, पुष्पा वर्मा, गंगा जमुना वर्मा, राधा वर्मा, सरिता बंछोर, देवकी वर्मा, सरिता बिजौरा आदि उपसथित थे।

**आयोजन :** हिन्दी दिवस के अवसर पर विद्यालयों व महाविद्यालयों में हुए कार्यक्रम

# बच्चों ने समझा हिन्दी भाषा का महत्व समृद्धि के लिए कार्य करने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में हिन्दी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला के छात्रों एवं शिक्षकों ने हिन्दी के महत्व को समझा और इसकी समृद्धि के लिए काम करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में हिन्दी भाषा के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही कविता पाठ, भाषण, चित्र कला और हिन्दी भाषा से संबंधित अन्य गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस अवसर पर शाला प्रभारी भातेंद्र गंगराले ने कहा कि, हिन्दी हमारी मातृभाषा है और इसकी समृद्धि, सम्मान एवं रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। यह तब सम्भव होगा जब सभी दृढ़संकल्प के साथ आत्मसात करेंगे।



कार्यक्रम का समापन हिन्दी भाषा के प्रति संकल्प लेने के साथ हुआ। हमें आशा है कि यह कार्यक्रम छात्रों में हिन्दी के प्रति जागरूकता बढ़ाएगा और उन्हें हिन्दी की समृद्धि के लिए काम करने के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम में शाला के शिक्षकगन आरके देशमुख, देवश्री साहू, शैलेन्द्र साहू, मालती साहू, पूर्णिमा कोशले, ममता तिवारी,उषा ठाकुर, लीना जोशी, मीनाक्षी नेताम, प्रेमलता योगी देवांगन, गुलशन चंद्राकर एवं सन्कुल समन्वयक किशोर दिल्लिवार व समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

## हिन्दी से दूरी माता-पिता और समाज से दूर होने जैसा : बारले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में शनिवार को हिंदी दिवस मनाया गया। भारतीय जीवन में हिंदी के महत्व को समझाया गया। हिंदी के अलावा अन्य भाषाओं का ज्ञान बहुत अच्छी बात है, लेकिन हिंदी से दूर हो जाना भारत में माता पिता और समाज से दूर होने जैसा है क्योंकि अधिकांश लोगों को हिंदी आती है और अन्य भाषा मात्र में लिपटे हुए कम लोग नजर आते है।

■ सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर में मनाया गया हिन्दी दिवस

हिंदी दिवस पर उक्त बातें कहते हुए प्राचार्य पी एल बारले ने कहा कि मां से प्यार करने वाले मौसी से भी ममता रखे मां को कोई को तकलीफ नहीं होगी लेकिन मां से दूर होकर मौसी को मां से ज्यादा मान सम्मान दे तो मां का दिल दुखना तय है।

व्यवस्था प्रधानाचार्य दिव्या चंद्राकार ने कहा कि मां जैसा प्रेम और संस्कार कहीं भी मिलना मुश्किल है। हिंदी हमारी मातृभाषा है अमीर भाषा है हर परिस्थितियों को इंगित करने वाले शब्द वाक्य भाव युक्त होते हैं जबकि यह खूबी अन्य में नजर नहीं आती। अटल टिंकरिंग लेब प्रभारी रोशनी साहू ने कहा कि हिंदी आपसी संवाद की ममता भरी भाषा है। एक दूसरे को समझने की भाषा है। अन्य लोगों को अन्य भाषा नहीं आती तो संवाद कैसे हो पाएगी और हिंदी तो हम सबकी प्यारी भाषा है। मां परिवार समाज को हिंदी आती है और आपको हिंदी नहीं आती, बताएं संवाद कैसे हो पाएगा। क्या मां से भी बात करने दुभाषियां की जरूरत पड़ेगी।







## हास्य कवि सम्मेलन में विद्यार्थियों ने गुदगुदाया

**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा में 14 सितंबर को हिन्दी दिवस के अवसर पर हिंदी एवं शिक्षा विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी राय ने हिंदी दिवस के परिप्रेक्ष्य में अपने सार्थक विचार रखे। इस विशेष आयोजन में हिंदी भाषा और उसकी संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट कविता लेखन एवं प्रस्तुतिकरण में प्रतिभागियों ने हिंदी में रचनात्मक और उत्कृष्ट कविताएँ प्रस्तुत कीं। कविता लेखन और उनकी सजीव प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। हास्य कवि सम्मेलन में हास्य कवियों के रूप में विद्यार्थियों ने अपने अनूठे अंदाज़ में समाज और जीवन से जुड़े हास्य और व्यंग्य प्रस्तुत किए, जिसमें खूब ठहाके लगे और श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया। हिन्दी मुहावरे, दोहे, लोकोक्तियाँ, पहेलियाँ, शायरी पर आधारित अंताक्षरी कार्यक्रम को भी दर्शकों ने खूब पसंद किया। प्रतिभागियों ने अपनी जानकारी और रचनात्मकता से प्रतियोगिता को बेहद रोचक बना दिया। हिन्दी के बदलते स्वरूप व नवरस पर आधारित नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम ने न केवल हिंदी भाषा को बढ़ावा दिया, बल्कि इसके माध्यम से भाषा और संस्कृति के प्रति लोगों की रुचि भी बढ़ाई। आयोजक मंडल ने हिंदी भाषा के प्रति समर्पण और उत्साह बनाए रखने का आह्वान किया गया। साथ ही हिंदी भाषा और संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए इस प्रकार के आयोजनों को जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।




**गुरूर अंचल में गणेशोत्सव की धूम**






## व्यापारी संघ की बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

**डोंडी।** डोंडी व्यापारी संघ की बैठक अध्यक्ष सुरेश बाघमार की अध्यक्षता जैन भवन में हुई। बैठक में वार्षिक आय व्यय पर चर्चा के बाद संघ के सदस्यों ने डोंडी जैन व्यापारी संघ की जगह अब एकता व्यापारी संघ नाम रखने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्व मत से पारित किया गया। डोंडी नगर के व्यापार को बढ़ाने सहित व्यापारियों के हितों के लिए एकता व्यापारी संघ डोंडी द्वारा आगामी दिनों में ज्ञापन शासन को देने की बात पर सहमती बनी। व्यापारियों ने बैठक में बताया कि स्टेट बैंक के सामने बेतरबीन खड़े दुपहिया वाहनों से दुकानदारों एवं राहगीरों को रही परेशानी पर स्टेट बैंक प्रबंधक को बैंक द्वारा पार्किंग व्यवस्था किए जाने का प्रस्ताव भेजा जाएगा। संघ के सदस्यों ने बताया कि डोंडी में एक मात्र स्टैंट बैंक है। बैंक के ग्राहक अधिक होने से बैंक सेवा एटीएम का लाभ,, चिल्हर नोट व्यापारियों व ग्राहकों को समय पर नहीं मिल रहा है। डोंडी में राष्ट्रीयकृत एक बैंक और खुलवाने का प्रस्ताव लिया गया। बैंक खोलने के लिए एचडीएफसी बैंक प्रबंधन को व्यापार संघ की ओर से मांग पत्र दिया जाएगा। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर गहन विचार मंथन कर उनके निस्तारण के लिए सामूहिक रूप से लड़ने की बात कही गई। संगठन की मजबूती के लिए कई अहम फैसले भी लिए गए। आम राय से नियमावली भी तय की गई एवं कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया। बैठक में कहा गया कि व्यापार संघ सदैव व्यापारियों के हितों की लड़ाई लड़ेगा। इसके लिए नगर के सभी व्यापारियों से सहयोग का आह्वान किया गया। संगठन को और प्रभावी व सक्रिय बनाने को लेकर तमाम व्यापारियों से अपने सुझाव व विचार रखने की बात की गई। इसके लिए आगामी दिनो में अलग अलग प्रकोष्ठ भी बनाए जायेंगे। व्यापार संघ अध्यक्ष सुरेश बाघमार ने संगठन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में नगर के प्रमुख व्यापारी शामिल थे।


## महिला ने दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाकर मांगा भरण-पोषण, अदालत ने किया खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

गुरुर ब्लाक की आवेदिका का विवाह उतई ब्लाक निवासी अनावेदक पति के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही आविदेका महिजा बार-बार मायके चले जाती थी। वहीं, पति पर सगी बहन से गलत संबंधों का आरोप लगाती थी। इसी तरह ससुर द्वारा छेड़छाड़ करने और पेट्रोल डाल कर जलाने का आरोप लगाती थी। फिनाइल और आयरन की गोली खाकर मर जाने की कोशिश करने का दिखावा करती थी। इस बीच पति की शिकायत पर उनके मायके वालों की समझाइश पर आवेदिका लगभग 3 वर्ष तक अनमने मन से ससुराल में रही। इस बीच उसने एक बच्ची को जन्म दिया। लेकिन, उसके बाद अपनी 6 माह की बच्ची को ससुराल में छोड़ कर किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ मायके आ गई। उसने दहेज की मांग कर मारपीट करने का झूठी शिकायत करने के साथ ही भरण पोषण का आवेदन परिवार न्यायालय बालोद में दे दिया। वहीं, पीड़ित पति के पक्ष में उनके अधिवक्ता द्वारा पेश तर्कों को सही पाते हुए कुटुंब न्यायालय ने आवेदिका को अपने पति से बिना पर्याप्त कारण के पृथक निवास करना प्रमाणित मानते हुए उनके आवेदन को खारिज करने का आदेश पारित किया।

■ कुटुंब न्यायालय ने माना, पति से बिना पर्याप्त कारण के पृथक निवास करना

**कुसुमकसा में जगह-जगह विराजे गणपति**





### बैटरी चोरी करने का किया प्रयास, शिकायत दर्ज

**सेलूद।** समीपस्थ ग्राम मर्रा के पंचायत भवन में क्रेडा विभाग द्वारा लगाए गए ग्रामीण सोलर लाइट के 48 नग बैटरी को रात्रि में अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी का प्रयास किया गया है। मामले की जानकारी तब हुआ जब सरपंच, सचिव व स्टाफ सुबह पंचायत ऑफिस पहुंचे और देखा कि गांव में लगे सोलर लाइट का कंट्रोल रूम का दरवाजा खुला हुआ है अंदर जा कर देखे तो 48 नग बैटरी में लगे वायर के सारे कनेक्शन काट कर फेंक दिए गए थे। उसके बाद बैटरी को निकालने नट बोल्ट को भी खोलने का प्रयास किया गया है जिसमें असफल होने के बाद अज्ञात व्यक्ति उसी स्थिति में छोड़कर चले गए है। घटना की लिखित शिकायत सरपंच पालेश्वर ठाकुर व सचिव ढाल सिंह साहू ने थाना उतई में दिया है।

## खम्हारटोला में हुआ रिकॉर्डिंग डांस कार्यक्रम



**कुसुमकसा।** सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति खम्हार टोला द्वारा रात्रिकालीन रिकॉर्डिंग डांस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यअतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी थे, अध्यक्षता महाराम उर्वशा सरपंच ग्राम पंचायत खम्हार टोला ने की। कुमान कोरेटी, हरिराम कोवाची विशेष अतिथि थे।

उक्त अवसर पर मिथलेश निरोटी ने भगवान श्री गणेश से सभी की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने छत्तीसगढ़ी लोककला सांस्कृतिक परिवार पुन्नी के चंदा चिरचारीकला (गैंदाटोला) के सभी कलाकारों का तिलक लगाकर सम्मान किया। इस अवसर पर विशाल, कौशल, विनय सहारे, मोहन सिंगारे, सुकदेव कौशल, पंचराम तारम सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

स्वामी जी
93406-38884

रिजर्वेशन कोच
नौ देवी (शक्तिपीठ) यात्रा
माता वैष्णो देवी, बगलामुखी, कांगड़ा देवी, चण्डी देवी, वज्रेश्वरी, चिंतपूर्णी, ज्याला देवी, नैना देवी, अमृतसर स्वर्ण मंदिर, जलिया वाला बाग, बाघा बार्डर
यात्रा दिनांक
13 अक्टूबर 2024
10 नवम्बर 2024
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 17,500/-, 3AC-26,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.), Branch Office : नंद जी बिजनेस सेंटर, 1 फ्लोर, जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से
10 नवम्बर से 16 नवम्बर 2024, 07 जून से 13 जून 2025
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411